लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5492

05 अप्रैल, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएलआई योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन

5492. श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:

श्री संगम लाल गुप्ता:

श्री अनुराग शर्मा:

श्री बृजभूषण शरण सिंह:

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:

श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

श्री पी.पी. चौधरी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों सहित वस्त्र उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए वर्ष 2022 में प्राप्त और अनुमोदित आवेदनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना पर खर्च की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस योजना से कितनी कंपनियों को लाभ हुआ है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत पूरे भारत में आकर्षित कुल निवेश का ब्यौरा क्या है; और

(घ) वस्त्र से किए गए कुल निर्यात का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उक्त राज्यों में वस्त्र क्षेत्र में विगत पांच वर्षों के दौरान कितनी नौकरियों का सृजन हुआ है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): सरकार ने वस्त्र उद्योग को आकार और पैमाना प्राप्त करने और प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाने के लिए देश में एमएमएफ अपैरल, एमएमएफ फैब्रिक और तकनीकी वस्त्र उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ दिनांक 08.09.2021 को उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 जेस्टेशन अवधि है। निष्पादन वर्ष की शुरुआत वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक है। प्राप्त 67 आवेदनों में से सरकार ने 64 आवेदनों को स्वीकृत किया है। स्वीकृत 64 आवेदनों में, 2,45,362 के प्रस्तावित रोजगार के साथ प्रस्तावित कुल निवेश 19,798 करोड़ रूपये और अनुमानित कारोबार 1,93,926 करोड़ रूपये है। उक्त योजना के तहत परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए मध्य प्रदेश में कुल 12 कंपनियों, उत्तर प्रदेश में 7 कंपनियों और राजस्थान में 4 कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है। ओडिशा में परियोजना स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान हस्तशिल्प के निर्यात सहित भारत के वस्त्र और अपैरल निर्यात का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(अमेरीकी बिलियन डॉलर में)

वस्तु	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
हस्तशिल्प निर्यात सहित भारत का वस्त्र और अपैरल निर्यात	37.55	38.40	35.18	31.59	44.44

स्रोतः डीजीसीआईएस का अनंतिम डॉटा, आंकड़े राउंड ऑफ किए गए हैं।

वस्त्र उद्योग देश में लगभग 45 मिलियन लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

*****